महत्वपूर्ण एवं खास

मुठभेड़ में 2 महिला समेत 4 वर्दीधारी नक्सली ढेर

मौके से शव एवं बंदूकें बरामद, 2-3 और नक्सलियों के मारे जाने के प्रमाण मिले

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आज सुबह पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुयी मुठभेड़ में 2 महिला समेत 4 काली वर्दीधारी नक्सली मारे गए, जिनकी शिनाख्त की जा रही है। मौके से पुलिस ने 4 बंदूकें समेत दैनिक उपयोग की सामग्रियां बरामद की हैं। पुलिस ने मुठभेड़ में और भी नक्सलियों के मारे जाने अथवा घायल होने की संभावना जतायी है।

अजीत जोगी को मिलेगी कांटे की टक्कर : ज्योत्सना महंत

कोरबा सीट पर मचेगा घमासान

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव में इस बार प्रदेश की कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर होने वाली है। लेकिन इन सब के बीच प्रदेश के कोरबा लोकसभा सीट पर सबकी निगाह टिकी होगी। यहां से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत की पत्नी श्रीमती ज्योत्सना महंत को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है तो वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी की ओर से भी कोरबा सीट से चुनाव लड़ने का बयान आया है। इस पर श्रीमती महंत ने कहा कि श्री जोगी उनसे उम्र और अनुभव में काफी बड़े हैं, वे श्री जोगी का बहुत आदर करती हैं, लेकिन बात यदि मुकाबले की है तो वे जमकर मुकाबला करेंगी।

शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गोंदवारा रोड गुढ़ियारी निवासी प्रार्थिया 35 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 25 जून 2016 से लेकर 16 नवंबर 2018 मध्य शिवनगर गुढ़ियारी निवासी दिनेश साहू पिता स्व.कृष्णा साहू ने शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाते रहा और जब शादी की बात करने पर शादी करने से इंकार कर जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थिया की आवेदन पर मामले को जांच में लिया गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376,377,506 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया है।

तहसीलदार ने कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाते नागेश्वर का मकान तोड़ दिया

एक भूमाफिया के इशारे पर हुयी तमाम कार्रवाई

बीजापुर (आरएनएस)। बीजापुर के तहसीलदार ने एक भूमाफिया के इशारे पर सारे नियम कानून की अवहेलना करते हुए नागेश्वर राव का मकान तोड़ दिया, जबकि पीड़ित परिवार की विवादित भूमि से संबंधित कार्यवाही पर बीजापुर कलेक्टर ने 26 फरवरी को स्थगन आदेश पारित किया है। इसे तहसीलदार को दिखाने के बावजूद पीड़ित परिवार की एक बात नहीं सुनी गयी और 50 लाख का नुकसान करते हुए उसका मकान बेरहमी से तोड़ दिया गया।

गर्ल फ्रेण्डस से बात करने के विवाद में दो युवक आपस में भिड़े ,एक की अंगुली काटा

रायपुर (आरएनएस)। गर्ल फ्रेन्डस से बात करने पर युवक से मारपीट किये जाने की रिपोर्ट मौदहापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग नगर आजाद चौक रायपुर निवासी अनील साहू 18 वर्ष पिता छगनलाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अमृत संदेश कामपलेक्स के पास सागर साहू 27 वर्ष पिता संजया साहून निवासी बजरंग नगर आजाद चौक ने प्रार्थी को गर्ल फ्रेण्डस से बात करता है कहकर विवाद कर गाली-गलौज करते हुये मारपीट किया व बाए हाथ की अंगुली को काट लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294,506,324 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं बजरंग नगर आजाद चौक रायपुर निवासी सागर साहु पिता संजय साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अमृत संदेश काम्पलेक्स के पास गर्ल फ्रेण्ड से बात पर विवाद कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारकर चोट पहुंचाया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर घटना को जांच में लिया है।

भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी

रायपुर (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव में पार्टी और अधिकृत प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का भी नाम शामिल है।

क्रिकेट चयन प्रतियोगिता में हुआ 30 खिलाड़ियों का चयन

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर जिला क्रिकेट संघ की ओर से स्थानीय लालबाग ग्राउंड में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीनियर टीम गठन के पहले 15-15 खिलाड़ियों की दो टीमों का गठन किया गया है। इन्हें रेड व ग्रीन नाम दिया गया है। अंतिम रूप से 16 खिलाड़ियों का सीनियर टीम के रूप में सलेक्शन किया जाएगा। संघ के सचिव केदार ठाकुर ने बताया कि 14 व 15 अप्रैल को दल्लीराजहरा में छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित स्पर्धा में यह टीम हिस्सा लेगी। इसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी का चयन रणजी टीम हेतु किया जाना है।

पानी की आपूर्ति करने 241 के लक्ष्य में खोदे गए मात्र 40 बोर

जगदलपुर (आरएनएस)। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल संकट से लोगों को राहत देने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बस्तर जिले में पिछले साल 241 हैंडपंप खनन का काम शुरू किया था। इसमें से अब तक करीब 40 बोर ही खोदे जा सके हैं।

दिनदहाड़े ऑटो मोटर्स संचालक को आरक्षक ने मारी गोली, मौत

घटना के 10 मिनट के अंदर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा, घटना राजधानी के पचपेढ़ी नाका के पास की

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के पचपेढ़ी नाका में स्थित श्रीसांई ऑटो मोटर्स के संचालक संजय अग्रवाल को आज दोपहर में एक आरक्षक ने उसके ऑफिस में घुसकर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि घटना के दस मिनट के भीतर पुलिस ने आरोपी आरक्षक को तलाश कर गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पचपेढ़ी नाका में संजय अग्रवाल का श्री सांई ऑटो मोटर्स के नाम से ऑफिस है। बताया जा रहा है कि रोज की तरह संजय अग्रवाल आज भी दोपहर में अपने ऑफिस पहुंचा। ऑफिस में उस समय उसके अलावा ऑफिस में कार्य करने वाले अन्य

कर्मचारी भी मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शी कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि मनोज नामक युवक जो आरक्षक है ने होली 10-15 दिनों पूर्व संजय अग्रवाल से एक वाहन खरीदी थी। इस वाहन में कोई खराबी आने के बाद मनोज ने होली के पहले ही संजय अग्रवाल से आकर बातचीत की थी जिस पर संजय अग्रवाल ने होली के बाद उसकी वाहन ठीक कराने की बात कहीं थी। प्रत्यक्षदर्शी कर्मचारी ने बताया कि आज दोबारा आरोपी वहां पहुंचा। उस समय संजय अग्रवाल अपने केबिन में अपनी कुर्सी पर बैठे हुए थे। आरोपी केबिन के अंदर नहीं आकर केबिन में लगे कांच के बाहर से ही संजय पर फायरिंग कर वहां से भाग गया। आरोपी ने संजय पर दो फायर किए है जिसमें से एक गोली संजय के कंधे और दूसरी गोली उसके बाह में लगी। घटना के तुरंत बाद कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने सबसे पहले घायल संजय को अस्पताल भेजवाया और आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस को अलर्ट किया। पुलिस ने घटना के दस मीटर के भीतर आरोपी को तलाश कर उसे गिरफ्तार किया। इधर घायल संजय अग्रवाल को रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अभी विवेचना कर रही है।

घर के अंदर खिड़की पर रखा व एक्टीवा की डिक्की से 3 मोबाईल पार

रायपुर (आरएनएस)। घर के अंदर खिड़की पर रखे मोबाईल फोन किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्रनगर उरला रायपुर निवासी शैलेन्द्र कुमार ठाकुर पिता स्व.नंदकिशोर ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 16 मार्च को घर के अंदर खिड़की के उपर रखे सेमसंग मोबाईल फोन को किसी ने बाहर से हाथ डालकर चोरी कर लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। इसी तरह गंज थाना क्षेत्र अंतगर्त तात्याापारा चौक के पास रायपुर निवासी बसंत चौधरी 57 वर्ष पिता स्व.कृष्णा राव चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गंजपारा देशबंधु स्कुल के पास खड़ी एक्टीवा की डिक्की मे रखे 2 नग मोबाईल फोन सेमसंग एवं एमआई रेडमी कम्पनी का किसी चोरी ने चोरी कर लिया है।

सिर्फ मतदाता पर्ची के आधार पर नहीं कर सकेंगे मतदान

कोरबा (आरएनएस)। लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को अब सिर्फ मतदाता पर्ची के आधार पर मतदान करने की अनुमति नहीं होगी। मतदाता को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली मतदाता पर्ची (वोटर स्लीप) के साथ अपने पहचान का एक और दस्तावेज साथ रखना होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में अपने निर्देश में कहा है कि मतदान के लिए मतदाता परिचय पत्र के अलावा 11 अन्य दस्तावेज मान्य होंगे। आयोग ने कहा है कि मतदाता पर्ची में फोटो के अलावा अन्य सुरक्षा मानक की कमी होती है, ऐसे में इसके दुरूपयोग की शिकायतें मिलती रहीं हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि सिर्फ मतदाता पर्ची के आधार पर मतदाता को मतदान का अधिकार नहीं होगा।

लोकसभा चुनाव में भाजपा का होगा सूपड़ा साफ : भूपेश बघेल

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में 65 प्लस के मिशन के साथ भाजपा ने विधानसभा

चुनाव लड़ा, कांग्रेस ने उनका यह मिशन अपने नाम कर लिया। अब प्रदेश से भाजपा को पूरी तरह से साफ करते हुए सभी 11 सीटों पर कांग्रेस की जीत होगी। उक्त बातें महासमुंद में लोकसभा प्रत्याशी धनेन्द्र साहू के नामांकन फार्म भरने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कही। श्री बघेल ने कहा कि कइस बार राज्य में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। जिस तरह से विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा ने मिशन-65 प्लस का सपना संयोया था, उसे कांग्रेस ने ध्वस्त किया और उनका यह मिशन अपने नाम कर लिया।

अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 30 को

भिलाई (आरएनएस)। आदर्श एकता मंच सड़क एस.पी.ए. सेक्टर-5 की ओर से होली मिलन समारोह स्वरुप अखिल भारतीय विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन 30 मार्च शनिवार को संध्या 6.30 बजे से 9.30 तक आदर्श उद्यान सड़क एसपीए सेक्टर-5 में आयोजित है।

पानीपत में संजय दत्त पहनेंगे 35 किलो का कवच!

ऐक्टर संजय दत्त इन दिनों फिल्म कलंक के प्रमोशन में बिजी होने के साथ ही आशुतोष गोवारिकर की अपकमिंग फिल्म पानीपत की शूटिंग भी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार वह इन दिनों जयपुर में फिल्म के लिए अपने सीन्स को शूट कर रहे हैं। इस बीच संजय दत्त के किरदार के पहनावे के वजन से जुड़ी खबर लोगों को हैरान कर रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में अफगान किंग अहमद शाहर दुर्रानी का किरदार निभा रहे संजय दत्त 35 किलो का कवच पहने नजर आएंगे। इस कवच में फिट होने के लिए संजय जमकर वर्कआउट भी कर रहे हैं। यहां तक कि शूटिंग के दौरान भी समय निकालकर वह जिम जा रहे हैं।

खास जिम हुई तैयार

जयपुर में संजय दत्त ने शूटिंग की जगह पर ही खास जिम बनवाया है। यहां पर उनके पर्सनल इचिप्मेन्ट भी मुंबई से लाए गए हैं। शॉट्स और पैकअप के बीच में समय निकालते हुए वह वर्कआउट करते हैं। यह जिम भले ही खास संजय के लिए बनाया गया हो, लेकिन इसे वह अन्य कास्ट और क्रू मेंबर्स को भी यूज करने देते हैं।

7 वर्षीय मासूम से अनाचार का आरोपी 8 दिन बाद भी फरार

आरोपी के पिता व बेटा धमका रहे हैं पीड़ित को

जगदलपुर (आरएनएस)। नेगीगुड़ा मे करीब 18 मार्च को 19 वर्षीय रजत बोस के द्वारा अपने घर के बगल मे रहने वाली 7 वर्ष की नाबालिक के साथ अनाचार करने के बाद उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी।

घटना के बाद जब पीड़ित के पिता आरोपी के परिजनों को मामले की शिकायत करने गये तो परिजनों ने अपने बेटे की गलतियों पर ध्यान ना देते हुए पीड़ित को डराने धमकाने लगे। वहीं पुलिस का कहना है की आरोपी अब तक फरार है।

नाबालिक के पिता ने बताया कि 18 मार्च की घटना के बाद इसकी जानकारी 20 मार्च को लगी। जब बच्ची दर्द से कराह रही थी। परिजनों ने दर्द का कारण जब पूछा तो बच्ची ने परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। परिजनों ने जब आरोपी के घर वालों से इस मामले को लेकर जानकारी दी तो आरोपी के बड़े भाई ने पीड़ित बच्ची के पिता के साथ मारपीट भी की, जिसके बारे में परिजनों ने परपा थाने में शिकायत भी दर्ज करवायी। घटना को बीते 5 दिन हो गए लेकिन अब तक आरोपी पकड़ में नहीं आया है।

नाबालिक की मां अस्पताल में भर्ती

नाबालिक बच्ची की स्थिति घटना के बाद से बिगड़ती जा रही है जिसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

मोर रायपुर-वोट रायपुर क्रिकेट टूर्नामेंट से मतदान का संदेश

खेल के जरिए मतदाता जागरूकता की अभिनव पहल

रायपुर (आरएनएस)। मतदाताओं को जागरूक करने अभिनव पहल करते हुए रायपुर जिले की स्वीप टीम जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. बसवराजू एस. के मार्गदर्शन में स्थानीय सुभाष स्टेडियम में मोर रायपुर-मोर वोट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रही है। संभागीय आयुक्त जी. चुरेन्द्र ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कर सभी को 23 अप्रैल को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफ शेख, नगर निगम कमिश्नर शिव अनंत तायल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह शुभारंभ के अवसर पर सभी के उत्साह वर्धन के

लिए विशेष रुप से उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में 16 विभागों की टीमें हिस्सा ले रही है। आगामी 1 अप्रैल को इस प्रतियोगिता का फाईनल मैच खेला जाएगा। प्रथम दिवस आयोजित मैच में समाज कल्याण विभाग ने रायपुर जिला पंचायत को 8 विकेट से पराजित किया। सोमवार को आयोजित दूसरे मैच में चिप्स्स ने रायपुर स्मार्ट सिटी को 6 विकेट से पराजित किया। सभी टीमों में शामिल महिला क्रिकेटरों ने बढ़िया खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए अहम भूमिका निभाई। इस टूर्नामेंट के अंतर्गत व्हील चेयर क्रिकेट का आयोजन भी होगा।

खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए संभागायुक्त जी. चुरेंद्र में इस अभिनव पहल के लिए रायपुर जिला प्रशासन की सराहना की एवं उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विभागों के सम्यक प्रयास व मतदाताओं के जागरूकता से शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूरा होगा।

ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े से हारे अक्षय कुमार

ऐक्टर अक्षय कुमार शूटिंग के दौरान फिल्म के सेट्स पर अपने को-स्टार्स के साथ मजाक-मस्ती करते रहते हैं। वह सेट पर गेम्स भी खेलते हैं, जिसमें उनसे जीत पाना काफी मुश्किल है। अक्षय से हारने वालों में ऐक्टर रितेश देशमुख भी हैं जिन्होंने हाल ही में ट्विटर के जरिए अपने हारने की बात मानी थी। वहीं अब ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि हमेशा जीतने वाले अक्षय कुमार को वह एक बार नहीं बल्कि दो बार हरा चुकी हैं।

ड्राइविंग लायसेंस बनाने 13 ने दी परीक्षा, 06 हुए फैल

जगदलपुर (आरएनएस)। आरटीओ कार्यलय में पिछले दिनों 13 परीक्षार्थियों ने लाइट व्हीकल लायसेंस बनाने के लिए परीक्षा दी जिसमें से 07 सफल हुए और 06 परीक्षार्थी फैल हो गये। यह भी उस स्थिति में जब आरटीओ ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक लायसेंस बनवाने वाले प्रशिक्षार्थियों को मोटर ड्राइविंग स्कूल से प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र मिला हो और यह भी महत्वपूर्ण है कि शहर में संचालित निजी मोटर ड्राइविंग स्कूल द्वारा प्रशिक्षित चालक व प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थी आरटीओ कार्यालय में लिए जाने वाले ड्राइविंग टेस्ट में असफल हुये हैं।

वजन कम करना है तो रोज पीएं करेले का जूस

करेले में कई तरह के गुणकारी तत्व मौजूद हैं। इसमें आयरन, मैग्नेशियम, पोटैशियम और विटमिन सी जैसे पोषक तत्व होते हैं। यह फाइबर रिच भी होता है जो पेट को भरे रखने के साथ ही पाचनक्रिया को दुरुस्त बनाने में मदद करता है। एक स्टडी के अनुसार यह मोटापे को कम करने में भी मदद करता है। ऐसे में अगर आप इस हेल्दी सब्जी के जूस का रोजाना सेवन करेंगे तो यकीनन आपको वेट लॉस करने और फिट फिगर पाने में मदद मिलेगी।

वेट लॉस में ऐसे मदद करता है करेला

इन्सुलिन को करता है ऐक्टिव

करेले का जूस इन्सुलिन को ऐक्टिव करता है जिससे शरीर में बनने वाली शुगर फैट का रूप नहीं ले पाती। इससे चर्बी कम करने और फैट कंट्रोल

करने में मदद मिलती है।

करेले में होती हैं कम कैलरीज

करेले में कैलरीज, फैट और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा कम होती है। आपको जानकर शायद हैरानी हो कि 100 ग्राम करेले में सिर्फ 34 कैलरीज होती हैं। ऐसे में आपको करेले के जूस से कैलरी काउंट मेनटेन रखने और फैट कंट्रोल करने में मदद मिलेगी।

फाइबर और वॉटर रिच

करेले में फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा होती है। कहा जाता है कि करेला हमारे लिए सुझाए गई डेली फाइबर काउंट के 10 प्रतिशत के बराबर है। करेले में पानी की मात्रा भी ज्यादा होती है। इसका करीब 89 से 94 प्रतिशत वजन उसमें मौजूद पानी के कारण होता है। इस खासियत के कारण वेट लॉस के साथ ही समर सीजन के लिए भी यह सब्जी परफेक्ट है।

फैट सेल्स बनने से रोकने में मदद

एक स्टडी के मुताबिक, करेला शरीर में मौजूद फैट की मात्रा को कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही यह शरीर में नए फैट सेल्स की ग्रोथ को कंट्रोल करने में भी मदद करता है, जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है।

सिद्धार्थ के साथ काम करना मजेदार है : रकूल प्रीत सिंह

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह जो अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ आगामी फिल्म मरजावां में नजर आएंगी, उनका कहना है कि सिद्धार्थ के साथ काम करना मजेदार है। दोनों इससे पहले 2018 में एक्शन-थ्रिलर फिल्म अय्यारी में साथ काम कर चुके हैं। रकुल ने कहा, जिसके साथ आपकी अच्छी निभती हो, ऐसे व्यक्ति के साथ काम करना मजेदार होता है। अय्यारी में काम करने के दौरान सिद्धार्थ और मेरी अच्छी निभी।